Need to appoint a high level committee to investigate into the sharp fall of Share Market

श्री परषोत्तमभाई रुपाला (राजकोट) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हमारे देश के मध्यम वर्ग के लोग, जो आय के लिए अपनी कमाई के पैसे शेयर बाजार में निवेश करते हैं, तो पिछले छ: महीने से शेयर बाजार का जिस तरह से रूप देखने को मिला है, उसके कारण खुदरा निवेशकों और उपभोक्ताओं के दिलों में बड़े भय का माहौल बन गया है और ऐसा माहौल बन गया है कि वे सोचते हैं कि अब क्या होगा और इसके चलते वे अपनी होल्डिंग्स को आपाधापी में बेच रहे हैं ।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वर्तमान काल खंड में कोई युद्ध केवल धरती पर ही नहीं लड़ा जाता, सीमा पर ही नहीं लड़ा जाता । क्या किसी अन्तर्राष्ट्रीय षड्यंत्र के तहत हमारे अर्थतंत्र को बर्बाद करने के लिए हमारे इस शेयर बाजार को उथल-पुथल करने का कहीं कोई षड्यंत्र तो नहीं चल रहा है? इसके लिए उच्च स्तरीय जांच करवा कर हमारे राष्ट्र के वित्तीय हितों को और मध्यम वर्ग के निवेशकों को, खास कर सीनियर सिटीज़नों और एल्डरली लोगों को उनकी गाढ़ी कमाई के पैसे जो निवेश किए हैं, उनमें विश्वास प्रस्थापित हो, इसके लिए मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ ।